हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 24 जून 2025, समय 1810 (10 मिनट)

मुख्य समाचार :-

- कल देशभर में संविधान हत्या दिवस मनाया जाएगा।
- भारतीय वायुसेना ने ऑपरेशन सिंधु के अंतर्गत 165 भारतीय नागरिकों को इजराइल से निकाला।
- शराब ठेकेदार शांतनु कत्ल मामले में वांछित शूटर रोमिल वोहरा हरियाणा पुलिस के विशेष कार्यबल के साथ मुठभेड़ में मारा गया।
- हरियाणा में लिंग अनुपात इस वर्ष पहली जनवरी से लेकर 23 जून तक बढ़कर 906 हुआ।
- हरियाणा के मुख्यमंत्री ने रोडवेज़ को घाटे से निकालने के लिए विभिन्न नवाचार और व्यावसायिक संभावनाओं को तलाशने के निर्देश दिए।

***********

संविधान हत्या दिवस कल मनाया जाएगा। यह दिवस 25जून 1975 को संविधान को कुचलने की घटनाओं का स्मरण कराता है। इस दिन उन सभी लोगोंको श्रद्धांजलि दी जाती है,जिन्होंने आपातकाल के कारण ज्यादतियोंका सामना किया था।1- बाइट - अनुपम मिश्रा (1:06 सेकंड) आपातकाल के दौरान नागरिक स्वतंत्रता परअंकुश लगा दिया गया था और इंदिरा गांधी सरकार ने प्रेस पर सख्त सेंसरशिप लगा दीथी। सरकार ने पत्रकारों पर कर, प्रेस बंद करने के नोटिस जारी किये औरउन्हें जेल भी भेजा। आपातकाल में सत्ता का विकेंद्रीकरण भी हुआ और जयप्रकाश नारायण, लाल कृष्ण आडवाणी, अटल

बिहारी वाजपेई, मोरारजी देसाई, मधु दंडवत सहित विपक्षी नेताओं कीगिरफ्तारी भी की गई। इन कार्रवाइयों की व्यापक आलोचना और विरोध हुआ प्रधानमंत्रीनरेंद्र मोदी ने आकाशवाणी पर मान की बात कार्यक्रम में अपने विचार साझा करते हुएआपातकाल को भारतीय लोकतंत्र पर एक काला धब्बा बताया था। जब देश में आपातकाल लगायागया। तब उसका विरोध सिर्फ राजनीतिक दायरे तक सीमित नहीं था, राजनेताओं तक सीमित नहीं था, जेल के सलाखों तक आंदोलन सिमट नहीं गयाथा। जन-जन के दिल में आकरोश था। खोए हुए लोकतंत्र की तडप थी। आपातकाल में देश केहर नागरिक को लगने लगा था। उसका कुछ छीन लिया गया है। आपातकाल के दौरान कईराजनीतिक आंदोलन और घटनाएं हुई जिनमें गुजरात में नवनिर्माण आंदोलन, बिहार में जयप्रकाश नारायण का आंदोलनऔर जॉर्ज फर्नांडीज के नेतृत्व में रेलवे हड़ताल शामिल है। हथकड़ी और बेडियो मेंजकडे श्री फर्नांडिस का विरोध आपातकाल के दौर की सबसे यादगार तस्वीरों में से एकहै। इस दौरान लोगों को बिना किसी आरोप के हिरासत में लिया गया और गैर कानूनी तरीकेसे कानून भी बनाए गए। आंतरिक सुरक्षा अधिनियिम मीसा का सबसे अधिक दुरूपयोग कियागया आपातकाल का दौर स्वतंत्र भारत का एक काला अध्याय था अनुपम मिश्रा आकाशवाणीसमाचार दिल्ली।

***********

ऑपरेशन सिंधु के अंतर्गत भारतीय वायुसेना के सी-17 विमान ने इजराइल से 165 भारतीय नागरिकों को निकाला। यह विमान आज सवेरे अम्मान से नई दिल्ली पहुंचा। राष्ट्रीय राजधानी पहुंचने पर सूचना, प्रसारण और संसदीय मामलों के राज्यमंत्री डॉ. एल. मुरुगन ने इन लोगों का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता अपने नागरिकों को निकालना है।

********

आज दिल्ली हरियाणा सीमा पर आज सुबह इनामी वांछित अपराधी रोमिल वोहरा हरियाणा  पुलिस के विशेष कार्य बल, एस टी एफ  के साथ मुकाबले में

मारा गया। रोमिल का पुलिस पर हमला कर भागने की कोशिश सफल नहीं हुई। इस मुकाबले में हरियाणा पुलिस के दो सब-इंस्पेक्टर प्रवीन और रोहन भी घायल हुए हैं।

हरियाणा एस टी एफ के पुलिस अधीक्षक विक्रांत भूषण और कुरुक्षेत्र के पुलिस अधीक्षक नीतीश अग्रवाल ने करुक्षेत्र में पत्रकार वार्ता में बताया कि रोमिल वोहरा शराब ठेकेदार शांतनु कत्ल मामले का मुख्य शूटर था।

एस टी एफ के पुलिस अधीक्षक विक्रांत भूषण ने पुलिस मुकाबले की जानकारी देते हुए बताया-

उन्होंने बताया कि रोहित वोहरा कुख्यात अपराधी था और कई मामलों में वांछित था।

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि शांतनु कत्ल मामले में 10 और आरोपी गिरफ्तार किए गए हैं। जिनको अदालत में पेश कर रिमांड पर लिया जाएगा और उनका अपराधिक इतिहास खंगाला जाएगा।

*******

हरियाणा में लिंगानुपात इस वर्ष एक जनवरी से लेकर 23 जून तक बढ़कर 906 हो गया, जो पिछले वर्ष इसी अवधि में 902 दर्ज किया गया था।

हरियाणा की स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री कुमारी आरती सिंह राव के निर्देश पर हरियाणा में लिंगानुपात सुधारने के लिए राज्य टास्क फोर्स, एसटीएफ की साप्ताहिक बैठक में यह जानकारी दी गई।

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव श्री सुधीर राजपाल की अध्यक्षता में आयोजित की गई इस बैठक में अवैध गर्भपात पर

अंकुश लगाने और 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' अभियान के तहत राज्य के लिंगानुपात में और सुधार लाने के प्रयासों को तेज करने पर चर्चा हुई।

अतिरिक्त मुख्य सचिव ने अवैध गर्भपात करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए और साथ ही अधिकारियों को कहा कि यदि कोई डॉक्टर इसमें संलिप्त पाया जाता है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए, जिसमें लाइसेंस रद्द करना भी शामिल है।

उन्होंने अधिकारियों को सभी जिलों में खासकर चरखी दादरी जिले में अल्ट्रासाउंड और एम टी पी केंद्रों पर छापेमारी तेज करने और नवजात बच्चों का पंजीकरण बढ़ाने के निर्देश भी दिए।

टास्क फोर्स द्वारा लिंगानुपात निगरानी से संबंधित कर्तव्यों में लगातार गैर-प्रदर्शन के लिए चरखी दादरी के पूर्व मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजविंदर मलिक को चार्जशीट करने का फैसला किया गया। इसके अलावा, गर्भवती महिलाओं से जुड़ी सहेली के कामकाज-खासकर जहां गर्भपात की घटनाएं रिपोर्ट की गई हैं,की जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए बारीकी से निगरानी करने को कहा गया ।

***********

हरियाणा के मुख्यमंत्री ने रोडवेज में राजस्व घाटे की चुनौती से निपटने हेतु अधिकारियों को विभिन्न नवाचारों और व्यावसायिक संभावनाएं तलाशने के निर्देश दिए।

उन्होंने इसके लिए अन्य विकल्पों जैसे बसों पर विज्ञापन, पार्सल ट्रांसपोर्टेशन या निजी सार्वजनिक भागीदारी प्रणाली के तहत बस अड्डों की स्थापना इत्यादि संभावनाएं तलाशने का सुझाव दिया है। । इसके अलावा, पर्यटन केंद्रों के लिए बसों की ऑनलाइन बुकिंग की सुविधा देने के विकल्प तलाशने को भी कहा है। मुख्यमंत्री ने प्रदेश में लोगों की सुविधा के लिए एसी बसों और उनके रूट्स की संख्या बढ़ाने के निर्देश भी दिए हैं। इसके अलावा सिटी बस सेवा की समीक्षा करते हुए इलेक्ट्रिक बसों की संख्या बढ़ाने के भी निर्देश दिए।

********

भारतीय जनता पार्टी द्वारा मुख्यमंत्री नायब सैनी की अध्यक्षता में आज पंचकूला में मन की बात पर प्रदेश स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला में प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली, संगठन मंत्री फणींद्रनाथ शर्मा और कार्यक्रम के प्रदेश संयोजक प्रदेश महामंत्री सुरेंद्र पूनिया ने शिरकत की।

इस कार्यशाला में मन की बात की प्रदेश टोली, लोकसभा संयोजक, जिला संयोजक, सह संयोजक, मंडल संयोजक और प्रदेश आई टी टोली और जिला आईटी प्रमुख भी शामिल हुए।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने बताया –

मोहन लाल बड़ौली

उन्होंने कहा कि इस बार 100 प्रतिशत बूथों पर  मन की बात के 123वें संस्करण को सुना जाएगा।  इसी के बारे में चर्चा हुई है तथा योजना तैयार की गई है।

आज पुलिस मुकाबले में मारे गए रोमिल वोहरा बारे पूछे जाने पर उन्होंने कहा

मोहन लाल बड़ौली-11 सेकंड

कार्यशाला से पूर्व पार्टी के प्रदेश कार्यालय में मुख्यमंत्री नायब सैनी व भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने पौधारोपण भी किया।

******

भिवानी जिले में नंदगांव निवासी 53 वर्षीय साईकलिस्ट नरेंद्र यादव ने  नंदगांव से अमरनाथ तक की 2200 किलोमीटर तक की यात्रा शुरू की है। उन्होंने इस यात्रा को 23 जुलाई तक पूरा करने का लक्ष्य रखा है। वह यात्रा के दौरान पर्यावरण संरक्षण व मानव कल्याण का संदेश देंगे।

उन्होंने कहा

नरेंद्र यादव

नरेंद्र यादव पिछले 9 वर्षो से देश के विभिन्न हिस्सों में सभी राज्यों में एकता, भाईचारे व पर्यावरण का संदेश देने के लिए 18 हजार किलोमीटर साइकिल यात्रा कर चुके है।

******